## दिनांक 20.12.2012 को अभियंता प्रमुख– II, जल संसाधन विभाग, राँची की अध्यक्षता में झालको की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों की उपस्थिति परिशिष्ट–I में संसूचित है।

अभियंता प्रमुख– II, जल संसाधन विभाग द्वारा झालको की योजनाओं की सर्वप्रथम समीक्षा की गई।

2 वितीय वर्ष 2001–02 से अब तक योजनावार अद्यतन प्रगति निम्नवत है।

| क्रम सं० | योजना का नाम | योजनाओं की संख्या | पूर्ण योजनाओं की संख्या | अपूर्ण योजनाओं की संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| (I.) | **कूप निर्माण** | | | | |
| (क) | 10 फीट व्यास | 2430 | 1935 | 495 | मार्च 13 तक पूर्ण करने का निर्देश। |
| (ख) | 12 फीट व्यास | 115 | 66 | 49 | मार्च 13 तक पूर्ण करने का निर्देश। |
| (ग) | 20 फीट व्यास | 737 | 736 | 1 | 1 अदद कूप स्थगित। |
| (II.) | चेकडैम निर्माण | 105 | 78 | 27 | मार्च 13 तक पूर्ण करने का निर्देश। |
| (III.) | तालाब निर्माण | 138 | 131 | 07 | मार्च 13 तक पूर्ण करने का निर्देश। |
| (IV.) | आहर–तालाब का जीर्णोद्धार | 204 | 165 | 39 | |
| (V.) | मध्यम सिंचाई योजना का निर्माण | 48 | 46 | 1 | 1 अदद मध्यम सिंचाई योजना स्थगित करने की कार्रवाई प्रबंध निदेशक, झालको द्वारा की जा रही है। |
| (VI.) | माइक्रोलिफ्ट का निर्माण | 176 | 176 | | |
| (VII.) | सिंचाई नाला | 1 | 1 | | |

3 पूर्ण योजनाओं की स्थल निरीक्षणोपरान्त समीक्षा करते हुए योजना का फोटोग्राफ के साथ, Utilized Potential का Report विभाग को प्रबंध निदेशक, झालको द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस पर खेद प्रकट किया गया। पुनः दिनांक–07.01.2013 तक अनुपालन करने का निर्देश दिया गया।

4 प्रबंध निदेशक, झालको द्वारा बतलाया गया कि वर्ष 2001–02 से अब तक सभी कार्यान्वित योजनाओं से कुल 12,000 हे० सिंचाई क्षमता का सृजन किया गया है। निदेश दिया गया कि योजनावार सृजित सिंचाई क्षमता का उल्लेख कर Excel Sheet में Report तैयार कर Website पर Upload कराने हेतु दिनांक–07.01.2013 तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

5 वर्ष 2011–12 में आवंटित 115 अदद कूप में से 15 अदद कूप निर्माण हेतु अब तक लाभुक समिति का गठन नहीं किया गया है। इस पर बैठक में खेद प्रकट किया गया एवं विलम्ब के कारण पृच्छा कर प्रतिवेदन देने हेतु प्रबंध निदेशक, झालको को निदेश दिया गया एवं शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई करते हुए इस कार्य को मार्च–2013 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

6 झालको गठन का उद्देश्य, झालको किस प्रकार योजनाओं का कार्यान्वित करती है। अब तक कहाँ–कहाँ, कौन–कौन सी किस प्रकार की योजनाओं का निर्माण/जीर्णोद्धार कार्य किया गया ? इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति (संलग्न प्रपत्र – I एवं II) Excel Sheet में तैयार कर विभाग को दिनांक–07.01.2013 तक उपलब्ध कराने का निदेश प्रबंध निदेशक, झालको को दिया गया। प्रबंध निदेशक, झालको से प्राप्त सूचना को Website में Upload किया जाएगा।

7 प्रबंध निदेशक झालको द्वारा बतलाया गया कि झालको में पदाधिकारियों/कर्मचारियों की कमी है। इन्हें झालको की योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए Man Power की आवश्यकता है।

प्रबंध निदेशक, झालको को निदेश दिया गया कि झालको के Board of Directors की बैठक एक माह के अन्दर आयोजित कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय।

8 प्रबंध निदेशक, झालको को झालको का Annual Report तैयार कर प्रकाशित करने का निदेश दिया गया।

9 प्रबंध निदेशक, झालको को कार्य में व्यय के उपरांत अवशेष राशि के उपयोग हेतु शीर्षवार/योजनावार प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। दिनांक–07.01.2013 तक कराने का निर्देश दिया गया। अभियंता प्रमुख–II, जल संसाधन विभाग के सधन्यवाद ज्ञापन से बैठक सम्न्न हुआ।

ह0/-
अभियंता प्रमुख– II
जल संसाधन विभाग, राँची।

पत्रांक: 3/पी॰एम॰सी॰/ 03 / राँची, दिनांक: 2.1.2013

प्रतिलिपिः अभियंता प्रमुख–II, जल संसाधन विभाग, राँची/प्रबंध निदेशक, झालको/परामर्शी–II, जल संसाधन विभाग, राँची/~~सहायक~~ अभियंता, श्री ओंकार, वेब मैनेजर, जल संसाधन विभाग, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/01/13
अभियंता प्रमुख– II
जल संसाधन विभाग, राँची।
02/01/2013